

# अखंड भारत समाचार



पेज़ 05 मूल्य 4 रुपए शुक्रवार,5 जून 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:02

विज्ञापन दें













विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
8708565733

## ममता बनर्जी ने यूसुफ पठान से बहरामपुर से इस्तीफा देने को कहा, लोकसभा सांसद ने कर

लोकसभा जाने की तैयारी कर रहीं ममता बनर्जी को तगड़ा झटका लगा है। सूत्रों के अनुसार, टीएमसी की ओर से यूसुफ पठान से इस्तीफा देने के लिए कहा गया, ताकि ममता बहरामपुर से चुनाव लड़ सकें, लेकिन पठान ने मना कर पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस (TMC) में हाहाकार मचा हुआ है। रोजाना कोई न कोई पार्टी या पद से इस्तीफा दे दे रहा है। 80 में से 58 टीएमसी विधायक बागी हो गए और नया नेता विपक्ष तक चुन लिया। इन सबके बीच, अब ममता बनर्जी दिल्ली की राजनीति करने की तैयारी कर रही हैं। इसके लिए वह लोकसभा जाना चाहती हैं। मौजूद समीकरणों के अनुसार, ममता बनर्जी को लोकसभा पहुंचने के लिए किसी अपने सांसद से इस्तीफा दिलवाना होगा और सूत्रों की मानें तो इसके लिए उन्होंने टीएमसी के बहरामपुर से सांसद यूसुफ पठान से कहा भी, लेकिन पठान ने इनकार कर दिया बहरामपुर में 50 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी है। ऐसे में ममता का मानना है कि यहां से अगर वह चुनाव लड़ती हैं तो एक तरह से सुरक्षित सीट होगी। लेकिन यह इतना भी आसान नहीं है, क्योंकि कांग्रेस के पूर्व सांसद अधीर रंजन चौधरी भी यहीं से लंबे समय तक सांसद रहे। उन्हें ही पिछले लोकसभा चुनाव में यूसुफ पठान ने हराया था।



## धोलेरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सफल परीक्षण उड़ान, विकास यात्रा में जुड़ा नया अध्याय

भारत के महत्वाकांक्षी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में शामिल धोलेरा क्षेत्र ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 4 जून 2026 को धोलेरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सफल परीक्षण उड़ान (Test Flight) का आयोजन किया गया, जिसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (SIR) और उससे जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पिछले कुछ वर्षों से लगातार चर्चा का विषय रहे हैं। एयरपोर्ट परियोजना, आधुनिक सड़क नेटवर्क, औद्योगिक क्षेत्रों के विकास तथा स्मार्ट सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण ने इस क्षेत्र को निवेशकों और उद्योग जगत के लिए आकर्षण का केंद्र बनाया है।

जानकारों के अनुसार वर्ष 2016 के दौरान क्षेत्र के कई हिस्सों में भूमि की कीमतें अपेक्षाकृत कम थीं। समय के साथ विभिन्न विकास परियोजनाओं और बुनियादी ढांचे के विस्तार ने क्षेत्र की संभावनाओं को नई दिशा प्रदान की है।

धोलेरा में विकसित हो रहे प्रमुख प्रोजेक्ट्स में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एक्सप्रेस-वे कनेक्टिविटी, औद्योगिक कॉरिडोर, स्मार्ट सिटी सुविधाएं तथा भविष्य की परिवहन व्यवस्थाएं शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स किसी भी क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विकास विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी उभरते हुए क्षेत्र की वास्तविक क्षमता का मूल्यांकन उसकी दीर्घकालिक योजना, इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के आधार पर किया जाता है। धोलेरा में वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों ने इसे देश के महत्वपूर्ण विकासशील क्षेत्रों में शामिल कर दिया है।

धोलेरा का विकास केवल एक भौगोलिक परिवर्तन नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माण की व्यापक दृष्टि का हिस्सा माना जा रहा है। आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र का प्रदर्शन निवेशकों, उद्योगों और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।




## जंग हो या समझौता, जीत अमेरिका की ही होगी...' ट्रंप की ईरान को दो टूक



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चाहे सैन्य संघर्ष हो या कागजी समझौता, हर हाल में अमेरिका की ही जीत होगी. उन्होंने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर कड़ी चेतावनी दी और कहा कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान और लेबनान के मुद्दों पर एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है. ट्रंप ने कहा है कि चाहे सैन्य तौर पर जंग हो या कागजों पर समझौता, हर हाल में जीत अमेरिका की ही होगी.

ईरान के साथ चल रहे तनाव और संभावित समझौते को लेकर जब राष्ट्रपति ट्रंप से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सबको पता चल जाएगा कि ये सौदा क्या है. हालांकि, ट्रंप ने साफ किया कि ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई से मिलने की उनकी कोई इच्छा नहीं है. ट्रंप ने कहा, 'अगर बात सिर्फ कोई समझौता करने की होती, तो हम मुलाकात कर सकते थे.' ट्रंप ने इस दौरान दावा किया ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम को हासिल करने के लिए अमेरिका को ईरान के साथ किसी सौदे की कोई जरूरत नहीं है. ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर एक बार फिर कहा कि ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती.

## Putin SPIEF 2026 Speech Live: 'जेलेंस्की से मुलाकात की कोई वजह नहीं', बोले राष्ट्रपति पुतिन




रूस में सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम यानी SPIEF का आयोजन हो रहा है. दुनिया के सबसे प्रभावशाली आर्थिक मंचों में से एक है. यह फोरम 1997 से हर साल आयोजित होता है और 2006 से इसे रूसी राष्ट्रपति के संरक्षण में आयोजित किया जाता है. इस साल यानी 2026 में यह 29वां संस्करण है, जो 3 से 6 जून तक सेंट पीटर्सबर्ग के एक्सपोफोरम सेंटर में चल रहा है.

इस बार फोरम की थीम है, 'व्यावहारिक बातचीत: एक स्थिर भविष्य की ओर बढ़ने का रास्ता' यानी एक स्थिर भविष्य की ओर व्यावहारिक संवाद. 100 से अधिक देशों से करीब 20,000 प्रतिभागी इस फोरम में शामिल हो रहे हैं.

आज फोरम का सबसे महत्वपूर्ण दिन है. मुख्य प्लेनरी सेशन शुरू हो गया है, जिसमें एक साथ मंच पर कई लोग हैं. SPIEF 2026 में राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि यूक्रेन के हमलों से रूस को कुछ नुकसान जरूर हो रहा है, लेकिन कीव के रुख में विरोधाभास दिखाई देता है. उन्होंने कहा कि यूक्रेन अमेरिका से हथियार तो चाहता है, लेकिन शांति वार्ता में वाशिंगटन को गारंटर की भूमिका नहीं देना चाहता. पुतिन ने रूस की अर्थव्यवस्था और निवेश माहौल को लेकर भी भरोसा जताया.

# कॉकरोच जनता पार्टी ने पीएम मोदी से की ये अपील, बताया अभिजीत दीपके क्या-क्या करेंगे?



व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया कैंपेन कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके छह जून की सुबह भारत पहुंचने वाले हैं.

इस बारे में उनकी पार्टी के एक्स हैंडल 'कॉकरोच इज़ बैक' से एक वीडियो पोस्ट किया गया जिसमें उनके कार्यक्रम की जानकारी दी गई.

इस वीडियो में सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका नज़र आ रहे हैं.

वीडियो में सौरव दास ने कहा, "अभिजीत दीपके सुबह 8 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचेंगे. वहां से वो अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन जाएंगे. आप सबसे अनुरोध है कि आप वहां पहुंचिए."

उन्होंने बताया कि वहां पुलिस से सहयोग और आंदोलन की अनुमति मांगी जाएगी. सौरव दास ने आगे बताया कि क़ानून के दायरे में रहकर सारी प्रोसेस की जाएगी और फिर पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन से सभी जंतर-मंतर जाएंगे.

उन्होंने कहा, "हम बिलकुल शांतिपूर्ण तरीक़े से अपनी असहमति जताएंगे और लोकतांत्रिक तरीक़े से विरोध प्रदर्शन करेंगे."

सौरव दास ने कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थकों से अपील की कि वो शांति बनाए रखें और लोकतांत्रिक तरीक़े से ही विरोध करें.

## Men's U18 Hockey Asia Cup 2026: पाकिस्तान को रौंदकर भारतीय टीम फाइनल में, इस खिलाड़ी ने अकेले पलटा मैच, अब जापान से खिताबी टक्कर




भारतीय टीम का लक्ष्य अब खिताबी मुकाबले मे जीत हासिल करने पर है. फैन्स को उम्मीद होगी कि सेमीफाइनल के हीरो पूर्ति आशीष तानी फाइनल में भी अपना जलवा बरकरार रखेंगे. भारत ने पाकिस्तान को हराकर ना सिर्फ फाइनल में जगह बनाई, बल्कि यह भी दिखा दिया कि बड़े मुकाबलों में यह युवा टीम किसी भी चुनौती का सामना करने का दमखम रखती है. भारतीय टीम मेन्स अंडर-18 हॉकी एशिया कप 2026 के फाइनल में पहुंच गई है. शुक्रवार (5 जून) को कावासाकी हेवी इंडस्ट्रीज हॉकी स्टेडियम में खेले गए हाईवोल्टेज सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए पाकिस्तान को 5-3 से मात दी और खिताबी मुकाबले में जगह पक्की कर ली. मैच के सबसे बड़े हीरो रहे पूर्ति आशीष तानी रहे, जिन्होंने अकेले चार गोल दागकर पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि एक समय भारत 2-3 से पीछे चल रहा था, लेकिन टीम ने शानदार जज्बा दिखाते हुए वापसी की और पाकिस्तान को मुकाबले से बाहर कर दिया. अब फाइनल में भारत का सामना जापान से होगा. खिताबी मुकाबला शनिवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा. भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले की शुरुआत बेहद तेज रफ्तार रही. दोनों टीमों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और गोल करने के मौके तलाशते रहे. पहले क्वार्टर में भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला. पाकिस्तान ने रिव्यू लेकर फैसला बदलवाने की कोशिश की, लेकिन अंपायर का फैसला बरकरार रहा. इसके बाद पूर्ति आशीष तानी ने 12वें मिनट में गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी.

## श्रीलंका के रुमेश ने नीरज चोपड़ा का रिकॉर्ड तोड़ा:92.67 मीटर दूर भाला फेंका; एशिया में दूसरे नंबर पर, पाकिस्तान के अरशद टॉप पर




श्रीलंका के जैवलिन थ्रोअर रुमेश पाथिरागे ने नीरज चोपड़ा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वे एशिया में सबसे दूर जैवलिन फेंकने वाले दूसरे प्लेयर भी बन गए। 23 साल के रुमेश ने रोम डायमंड लीग में 92.67 मीटर का थ्रो किया। यह 2026 में किसी भी प्लेयर का पहला 90+ थ्रो था। नीरज ने दोहा डायमंड लीग में पिछले साल 90.23 का थ्रो किया था। पहले नंबर पर पाकिस्तान के अरशद नदीम है। उन्होंने पेरिस ओलिंपिक 2024 में 92.67 मीटर का थ्रो किया था।

ऑल टाइम 8वां सबसे बड़ा थ्रो

रुमेश का थ्रो ऑल टाइम सबसे लंबे थ्रो की सूची में आठवें स्थान पर पहुंच गया। एशिया में अब उनसे आगे केवल पाकिस्तान के अरशद नदीम हैं। ताइवान के चाओ-त्सुन चेंग 91.36 मीटर के साथ तीसरे और भारत के नीरज चोपड़ा चौथे स्थान पर हैं। रोम डायमंड लीग में रुमेश ने मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन केशोर्न वॉलकॉट, पूर्व वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स, पूर्व ओलंपिक चैंपियन थॉमस रोहलर और पूर्व ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट याकुब वाडलेज्च जैसे खिलाड़ियों के बीच मुकाबला किया। उन्होंने पहले प्रयास में 84.49 मीटर का थ्रो किया और दूसरे प्रयास में 92.67 मीटर तक भाला फेंक दिया। इसके बाद उनके बाकी सभी थ्रो फाउल रहे।

## 65 साल पहले Mohammad Rafi ने पूरी की मीना कुमारी की फरमाइश, मौत के बिस्तर पर सुनाया था ये गाना



मीना कुमारी (Meena Kumari) की जिंदगी पर्दे पर जिंदगी शानदार रही, उनका आखिरी वक्त उतने ही दुख में बीता। हिंदी सिनेमा में जब भी दर्द और तनहाई की बात होती है...तो दिमाग में सबसे पहली छवि मीना कुमारी की ही आती है। एक्ट्रेस ने पर्दे पर कई फिल्मों में इस तरह के रोल निभाए जिसकी वजह से उन्हें ट्रेजेडी क्वीन के नाम से भी जाना जाता था। एक्ट्रेस को लीवर सिरोसिस की बीमारी थी जिसकी वजह से 31 मार्च 1972 में 38 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। हम बात कर रहे हैं साल 1961 में आई मीना कुमारी की फिल्म 'प्यार का सागर' (Pyaar Ka Sagar) की। इस फिल्म का गाना -'मुझे प्यार की जिंदगी देने वाले' (Mujhe Pyaar Ki Zindagi) मीना कुमारी का फेवरेट गाना था। मीना जब-जब इस गीत को गुनगुनाती थीं उन्हें अलग ही सुकून मिलता था। इस फिल्म में उनके अपोजिट राजेंद्र कुमार को कास्ट किया गया था। इसे मोहम्मद रफी और आशा भोसले ने अपने सुरों से सजाया था। जब मीना बिस्तर पर पड़ी हुई थीं और एकदम बीमार हालत में थीं तो ये गीत वो अक्सर सुना करती थीं। फिल्म जगत के कई कलाकार उनसे मिलने के लिए जाता करते थे। मोहम्मद रफी भी इसी तरह एक दिन उनसे मिलने पहुंचे। तब मीना ने उनसे वो गाने की रिक्वेस्ट की। रफी साहब ने भी मीना की इस रिक्वेस्ट को टाला नहीं और सिरहाने बैठकर ये गीत सुनाया। ये गाना उनकी आत्मा में उतर चुका था


oicci
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) –
Global Strategic Partner of Antra Group
Antra
Antra Developers
ANTRA DEVELOPERS
India's Fastest Growing
Real Estate Company
हर कदम भरोसे का,
हर दिशा विकास की
RESIDENTIAL
Premium Living for Your Family
INDUSTRIAL
Powering Growth, Building Futures
COMMERCIAL
Smart Spaces, Great Opportunities
DEALING IN DHOLERA
SMART CITY PLOTTING
Future-Ready Investment | Trusted Name
India's One of the Largest Growing Companies
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com
Call / WhatsApp:
7878781509 | 8708565733
www.antradevelopers.com


Antra
Antra Developers
oicci
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) –
Global Strategic Partner of Antra Group
YOUR VISION.
OUR MISSION.
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
INDIA'S FASTEST GROWING REAL ESTATE COMPANY
RESIDENTIAL
INDUSTRIAL
COMMERCIAL
SMART CITY PLOTTING
India's One of the Largest Growing Companies
Future-Ready Investment
Trusted Name for Generations
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com | Call / WhatsApp: 7878781509 | 8708565733 | www.antradevelopers.com


oicci
Antra
हर कदम भरोसे का हर दिशा विकास की
हम लेकर आ रहे है
आपके शहर में
DHOLERA SMART CITY
CEO CONCLAVE 2026
देशभर के उद्यामपतियों, निवेशकों, बिजनेस लीडर्स और चैनल पार्टनर्स को
CEO CONCLAVE में आमंत्रित कर रहे है।
भविष्य के भारत की सबसे बड़ी
SMART CITY OPPORTUNITY
पर विशेष चर्चा
You Are Invited
INVESTMENT OPPORTUNITIES
FUTURE INFRASTRUCTURE
BUSINESS NETWORKING
WEALTH CREATION
CHANNEL PARTNERS
8708565733
7878781509
www.antradevelopers.com



## दिल्ली में सब चलता है', होटल मालिक को नहीं है कोई अफसोस! अग्निकांड के समय पास ही था मौजूद

दिल्ली के होटल अग्निकांड में हैरान करने वाले खुलासे हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि होटल केकमरे 3,000 रुपये से लेकर 15,000 रुपये प्रतिदिन तक के किराये पर दिए जाते थे, जबकि भूतल पर स्थित रेस्टोरेंट से अतिरिक्त आय होती थी। जांचकर्ताओं ने पाया कि बजाज ने कथित तौर पर जय मिश्रा के नाम पर लाइसेंस लिए थे, जो होटल के संचालन और बैंक खातों का मैनेजमेंट करता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी लवकेश बजाज पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं कर रहा है। दक्षिण दिल्ली के हौज रानी इलाके में स्थित फ्लोरिश स्टे बीएंडबी में भीषण आग लगने की घटना के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बजाज ने जांचकर्ताओं को बताया कि होटल व्यवसाय से पर्याप्त मुनाफा होने के बाद, 'दिल्ली में सब चलता है' की धारणा से उसे इमारत में अवैध रूप से अतिरिक्त मंजिलें बनाने का प्रोत्साहन मिला। यह इमारत पहले ढाई मंजिल की थी, लेकिन अवैध निर्माण के माध्यम से इसे पांच मंजिला कर दिया।











